FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 24-05-2025 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

## थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 241/2025 में वांछित अभियुक्त आशुतोष को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

### अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस एवं 01 जिंदा कारतूस, 2250 रुपये, 01 सरिया, चोरी की 01 मोटरसाईकिल बरामद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिरसागंज के मु0अ0स0 241/25 धारा 307/331(4)317(2) बीएनएस 4/25 आर्म्स अधिनियम में वांछित अभियुक्त आशुतोष पुत्र उमेश चन्द्र किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा सूरजपुर दुगमई नहर के पास चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटर साइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल सवार उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मोटर साइकिल को वापस मोड़कर भागने लगा, लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उसकी मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में उक्त संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान आशुतोष पुत्र उमेशचन्द्र निवासी कुअरा थाना भरथना जनपद इटावा रुप में हुई है। अभियुक्त आशुतोष के कब्जे से 01 चोरी की मोटरसाइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस, 01 सरिया, 2250 रुपये बरामद हुए है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1. आशुतोष पुत्र उमेशचन्द्र निवासी कुअरा थाना भरथना जनपद इटावा।

**बरामदगी का विवरण-**

1. चोरी की 01 मोटरसाइकिल।
2. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
3. 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस।
4. 01 सरिया।
5. 2250 रुपये।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त आशुतोष-**

1. मु0अ0स0 241/25 धारा 307/331(4)317(2) बीएनएस 4/25 आर्म्स अधिनियम थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
2.मु0अ0स0 284/25 धारा धारा 109/352/317(2)/317(5) बीएनएस (पुलिस मुठभेड) व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
2-उ0नि0 राज नारायण थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
3-उ0नि0 भैया लाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
4-उ0नि0 अशोक कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
5-है0का0 शिव शंकर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
6-है0का0 पवन चौधरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
7-है0का0 अशोक चौधरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
8-का0 अमित सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
9-का0 टिकेश तेवतिया थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
10-का0 दीपक उपाध्याय थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
11- का0 राहुल पाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
12-का0 अमित सोम थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
13- है0का0 मेंबर सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद